<u>कार्यालय प्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर</u>

निविदा संख्या– आपूर्ति कार्य/2014–15/1119 दिनांक 15 अक्टूबर, 2014

<u>निविदा सूचना</u>

शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज सहारनपुर एवं सम्बद्ध चिकित्सालय हेतु **"लैब केमिकल एण्ड ग्लास वेयर"** हेतु उच्च गुणवत्ता वाली ख्यातिलब्ध निर्माता फर्मों (भारतीय/विदेशी) अथवा उनके अधिकृत भारतीय वितरकों से टू बिड सिस्टम पर आधारित मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में **पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक दिनांक–27अक्टूबर 2014 से 26नवम्बर 2014** तक शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर से निविदा शुल्क (नानरिफण्डेबिल) जमा कर प्राप्त की जा सकती है। मुहरबन्द निविदायें (तकनीकी एवं भावपक्ष, मूल एवं प्रतिलिपि अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में) दिनांक **27 नवम्बर 2014 को अपराह्न 2:00 बजे तक** कार्यालय प्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज, सहारनपुर में जमा की जायेंगी। डाक द्वारा भेजी गई निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिफाफे के ऊपर निविदा संख्या एवं आइटम का नाम स्पष्ट रूप से लिखना होगा। तकनीकी भावपक्ष वाली प्राप्त निविदायें दिनांक **27नवम्बर 2014 को अपराह्न 2:30 बजे** निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि अन्तिम कार्यदिवस पर कोई अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्यदिवस को निर्धारित तिथि माना जाएगा। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा प्रपत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी नियम एव शर्तें जैसा कि निविदा प्रपत्रों में अंकित है, को इस टेण्डर संख्या का अभिन्न अंग माना जाएगा। ई0एम0डी0, एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 फार्म में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से, जो कि **प्रधानाचार्य, शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज सहारनपुर** के नाम से होगी, को निविदा की तकनीकी निविदा के साथ अलग से सील्ड कवर लिफाफे में अंकित करते हुए स्वीकार किया जाएगा। आइटम्स की संख्या घटायी व बढ़ायी जा सकती है। प्रधानाचार्य को बिना कारण बताये निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार किये जाने अथवा निविदा सूचना में विज्ञापित किसी भी आइटम का क्रय स्थगित/निरस्त करने अथवा नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में लीगल ज्यूरीडिक्शन जिला–सहारनपुर, उ0प्र0 के मा0 न्यायालय में होगा।

इस निविदा सूचना को उत्तर प्रदेश सरकार की अधिकृत वेबसाइट www.upgov.nic.in, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एंव प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिकृत बेबसाइट www.updgme.in तथा मेडिकल कालेज की वेबसाइट www.shmmhmedicalcollege.com पर देखा जा सकता है।

प्रधानाचार्य
शेखुल हिन्द मौलाना महमूद हसन मेडिकल कालेज
सहारनपुर